सं.10(3)/2018-समन्वय

भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

***

उद्योग भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 31 अगस्त, 2018

विषय: जुलाई. 2018 के लिए भारी उद्योग विभाग का मासिक सार।

अधोहस्ताक्षरी को जुलाई, 2018 के लिए भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) और लोक उद्यम विभाग (डीपीई) से संबंधित मासिक सार के अवर्गीकृत भाग की एक प्रति इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

दिनेश पाल सिंह

(दिनेश पाल सिंह)

अवर सचिव, भारत सरकार

फोन: 20361045

सेवा में

1. मंत्री परिषद के सभी सदस्य।
2. उप सभापति, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
3. नीति आयोग, योजना भवन (10 अतिरिक्त प्रतियों सहित)
4. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि प्रेषित:-

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों के सचिव।
2. अध्यक्ष, यूपीएससी, शाहजहां रोड, नई दिल्ली -110069
3. भारत के राष्ट्रपति (राष्ट्रपति के सचिव) के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली -110004
4. भारत के उप-राष्ट्रपति (उप-राष्ट्रपति के सचिव) के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली -110004
5. भारत के प्रधान मंत्री के निजी सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली -110011
6. निदेशक मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
7. निदेशक, अंतर-राज्य परिषद, एमआईआईए, विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली -110011
8. सचिवों के प्रधान स्टॉफ अधिकारी (सी और पीसी)

## (A) DEPARTMENT OF HEAVY INDUSTRY:

1. The tenth meeting of Project Implementation & Sanctioning Committee (PISC) to consider pilot projects for electric buses under FAME India Scheme was held on 24th July 2018 at New Delhi under the Chairmanship of Secretary, DHI wherein public bus projects for Ahmadabad, Navi Mumbai, and Himachal Pradesh SRTC were approved.
2. The eleventh meeting of Inter-Ministerial Group (IMG) under CEPA to deal with international arbitration filed by Nissan Motors Ltd was held on 25th July 2018 at New Delhi under the Chairmanship of Secretary, DHI to discuss the "Rejoinder on Jurisdiction" to be filed in the Arbitral Tribunal on behalf of GoI (Respondent). The representative of GoTN indicated that the prospects of an out of court amicable settlement of the dispute have improved considerably.
3. The final EFC Memo for FAME-II Scheme was circulated to all stakeholder Ministries/ Departments of GoI. A presentation on proposed EFC for FAME-II was made before the Hon'ble Minister of Railways, Coal, Finance and Corporate Affairs on 7th July 2018 at New Delhi.
4. During the month, following Cabinet/CCEA notes have been sent to the Cabinet Secretariat for consideration
   (a) A CCEA note for budgetary support to Nepa Limited for completion of Revival and Mill Development Plan (RMDP) and disinvestment thereafter of the company;
   (b) Cabinet Note on Revival Plan of Hindustan Paper Corporation Limited (HPC) by way of budgetary support and 'in principle' approval for engaging Operations & Management (O&M) partner; and
   (c) A CCEA note for the closure of operations of Hooghly Printing Company Limited by way of its merger with its parent company Andrew Yule Company Ltd.
5. Based on 'No Objection Certificate' (NOC) from Government of Karnataka for transfer of land to ISRO, the sale deed with ISRO was executed on 27.06.2018 and 109 acres and 32.92 Guntas of land has been transferred to ISRO on 14.07.2018 for a consideration of Rs. 168.65 Crores.
6. In pursuance of the CCEA decision dated 27.10.16 on the closure of HMT Tractors at Pinjore, Haryana, out of court settlement for transfer of 446 acres of land of HMT Ltd. to Government of Haryana has been reached. As part of this, an application has been moved for withdrawal of the case in the Punjab & Haryana High Court and Govt. of Haryana has released the first tranche of payment of Rs.100 Cr. to HMT.

7. An EOI for call for proposals for projects to be funded out of the outlay for Development Council for Auto and Allied Industries was issued.

8. The extended EoI for strategic disinvestment of the entire stake of Hindustan Paper Corporation (HPC), a wholly owned CPSE of DHI, in Hindustan Newsprint Ltd closed on 23.07.2018 with no response from any potential bidders. In the meantime, a request has been received from the Govt. of Kerala to take over HNL on terms to be mutually negotiated. The request is being examined in light of the fact that HPC, the holding company, has gone under the NCLT process.

9. For the first quarter of 2018-19, Bharat Heavy Electricals Limited (BHEL) has achieved a Profit Before Tax (PBT) of Rs. 226 Crore compared to Rs. 108 Crore achieved in the corresponding quarter in the previous year, registering a growth of 109%. Profit after tax for the quarter stands at Rs.156 Crore compared to Rs.81 Crore in the first quarter of previous year registering growth of 93%.

10. During the month, BHEL got the order booking of around 1600 Crores which includes Flue Gas De-sulphurization (FGD) package for 3x660 MW North Karanpara project from NTPC.

11. BHEL has signed the contract for 1×660 MW supercritical thermal power plant at Panki, Uttar Pradesh with Uttar Pradesh Rajya Vidyut Nigam Limited (UPRVUNL) on 26 July 2018 at Lucknow.

12. BHEL received an appreciation letter from Ministry of Energy & Water, the Islamic Republic of Afghanistan for successful completion of 220/20kV Charikar & Doshi substation in Afghanistan.

13. BHEL has won the EEPC India Northern Region Award for Engineering Export Excellence in the category of the top exporter for the year 2015-16.

***

## (B) DEPARTMENT OF PUBLIC ENTERPRISES:

1. In association with NITI Aayog organized a half-day 'Workshop on CSR for Development of Inspirational Districts by CPSEs' on 24th July, 2018 at Pravasi Bhartiya Kendra, New Delhi. The workshop was attended by 148 officers representing DPE, NITI Aayog, executives from CPSEs and officers from other Ministries/Departments.
2. In pursuance of the Cabinet decision dated 06.06.2018 regarding review of status of closure of sick/loss making CPSEs by all Ministries/Departments concerned, a format was circulated on 10.7.2018 to the concerned Ministries/Departments for collecting the information for putting up a consolidated note for Cabinet.
3. The meetings of Search Committee were held on 5th July, 2018 and 10th July, 2018 in which Search Committee recommended names for filling up 61 positions of non-official Directors in various CPSEs.
4. DPE organized one Capacity Building workshop on MoU guidelines with the representatives of CPSEs/Administrative Ministries on 10.7.2018 at Bodhgaya, which was attended by 110 participants.
5. A training programme was organized in association with IIM, Shillong from 23rd to 27th July, 2018 on 'Finance for non-finance Executives', which was attended by 40 participants.
6. A one day workshop was organized in association with Indian Institute of Corporate Affairs, New Delhi on 20th July, 2018 on 'Internal Financial Controls under Companies Act, 2013', which was attended by 58 participants.
7. A one day workshop was organized on 27th July, 2018 in Hyderabad in association with Institute of Cost Accounts of India on "GST-Issues & Concerns", which was attended by 38 participants.
8. 17 meetings were held to review the CAPEX of select CPSEs and consolidated information was submitted to PMO on 6th July, 2018.
9. The following arbitration awards have been made by Sole Arbitrator of erstwhile PMA during the month of July, 2018:-
   (a) Dispute between M/s Hindustan Prefab Ltd. (HPL) and Employees Provident Fund Organisation (EPFO) regarding construction of 56 No. of Quarters for EPFO at Jabalpur (M.P.).
   (b) Dispute between M/s GAIL (India) Ltd. and M/s Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL) regarding refund/adjustment Rs.30, 52,311/-
10. DPE vide OM dated 23.07.2018 has issued guidelines regarding Standard Terms & Conditions of Board level Executives for 2017 pay scales.
11. DA orders (due w.e.f. 01.07.2018) for 1987 & 1992, 1997, 2007 and 2017 for IDA pattern of pay scales have been issued during the month.
12. The post of (i) Managing Director, Karnataka Antibiotics & Pharmaceuticals Limited and (ii) Director (Finance), State Trading Corporation of India Limited were exempted from the rule of immediate absorption.

***

(A) भारी उद्योग विभाग (डीएचआई):

1. फेम इंडिया स्कीम के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बसों के लिए प्रायोगिक परियोजनाओं पर विचार करने हेतु परियोजना कार्यान्वयन एवं मंजूरी समिति (पीआईएसमी) की 10वीं बैठक सचिव, भारी उद्योग विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 24 जुलाई, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित की गई, जिसमें अहमदाबाद, नवी मुंबई और हिमाचल प्रदेश एसआरटीसी के लिए सार्वजनिक बस परियोजनाएं अनुमोदित की गईं।
2. भारत सरकार (प्रतिवादी) की ओर से मध्यस्थता अधिकरण में दायर किए जाने वाले "अधिकारिता संबंधी प्रत्युत्तर" पर चर्चा करने के लिए सचिव, भारी उद्योग विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 25 जुलाई, 2018 को नई दिल्ली में निशान मोटर्स लिमिटेड द्वारा दायर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता से निपटने के लिए सीईपीए के तहत अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) की 11वीं बैठक आयोजित की गई। तमिलनाडु सरकार के प्रतिनिधि ने बताया कि विवाद के न्यायालय के बाहर मैत्रीपूर्ण समाधान की अपेक्षाओं में काफी सुधार हुआ है।
3. फेम-II स्कीम के लिए अंतिम ईएफसी ज्ञापन भारत सरकार के सभी स्टेक-होल्डर मंत्रालयों/विभागों को परिचालित किया गया। दिनांक 07 जुलाई, 2018 को नई दिल्ली में रेल, कोयला, वित्त और कॉरपोरेट कार्य के माननीय मंत्रियों के सामने फेम-II के लिए प्रस्तावित ईएफसी का प्रस्तुतीकरण किया गया।
4. माह के दौरान मंत्रिमंडल सचिवालय के विचारार्थ निम्नलिखित मंत्रिमंडल/सीसीईए टिप्पणियां भेजी गई हैं:-
   क) पुनरुद्धार एवं मिल विकास योजना (आरएमडीपी) को पूर्ण करने और इसके बाद कंपनी के विनिवेश के लिए नेपा लिमिटेड को बजटीय सहायता हेतु एक सीसीईए टिप्पणी;
   ख) बजटीय सहायता के द्वारा हिंदुस्तान पेपर कॉरपोरेशन लि. (एचपीसी) की पुनरुद्धार योजना संबंधी मंत्रीमंडल टिप्पणी और प्रचालन एवं प्रबंधन (ओएंडएम) भागीदार को शामिल करने हेतु "सैद्धांतिक" अनुमोदन; और
   ग) अपनी मूल कंपनी एंड्रू यूल कंपनी लिमिटेड के साथ हुगली प्रिंटिंग कंपनी लिमिटेड के विलय/प्रचालनों के बंदीकरणहेतु एक सीसीईए टिप्पणी।
5. इसरो को भूमि के हस्तांतरण के लिए कर्नाटक सरकार से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" (एनओसी) के आधार पर दिनांक 27.06.2018 को इसरो के साथ विक्रय विलेख किया गया और R168.65 करोड़ के लिए दिनांक 17.07.2018 को इसरो को 109 एकड़ और 32.92 गुंटा जमीन हस्तांतरित कर दी गई है।
6. पिंजौर, हरियाणा में एचएमटी टेक्टर्स को बंद करने संबंधी दिनांक 27.10.2016 के सीसीईए के निर्णय के अनुसरण में हरियाणा सरकार को एचएमटी लिमिटेड की 446 एकड़ भूमि हस्तांतरित करने हेतु न्यायालय के बाहर समाधान किया गया। इसके भाग के रूप में, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में मामले को वापस लेने के लिए एक आवेदन किया गया है और हरियाणा सरकार ने एचएमटी लि. को R100 करोड़ के भुगतान की पहली किस्त जारी कर दी है।
7. ऑटो एवं संबद्ध उद्योगों हेतु विकास परिषद के लिए परिव्यय में से वित्तपोषित की जाने वाली परियोजनाओं हेतु प्रस्तावों के लिए रूचि की अभिव्यक्ति जारी की गई।
8. संभावित बोलीकर्ताओं से कोई उत्तर न मिलने पर दिनांक 23.07.2018 को हिंदुस्तान न्यूज प्रिंट लि. (एचएनएल) में हिंदुस्तान पेपर कॉरपोरेशन लि. (एचपीसी), भारी उद्योग विभाग के पूर्ण स्वामित्व वाला सीपीएसई, के संपूर्ण स्टेक के कार्यनीतिक विनिवेश हेतु विस्तारित रूचि की अभिव्यक्ति को बंद कर दिया गया। इसी बीच, पारस्परिक सहमत शर्तों पर एचएनएल के अधिग्रहण के लिए केरल सरकार से एक अनुरोध प्राप्त हुआ है। इस तथ्य के साथ इस अनुरोध की जांच की जा रही है कि एचपीसी, धारक कंपनी, एनसीएलटी प्रक्रिया के अधीन हो गई है।
9. वर्ष 2018-19 की पहली तिमाही के लिए, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को पिछले वर्ष की तदनुरूपी तिमाही में प्राप्त R108 करोड़ की तुलना में R226 करोड़ का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) हुआ

है, जिससे 109 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले वर्ष की पहली तिमाही में R81 करोड़ की तुलना में इस तिमाही में कर के बाद R156 करोड़ का लाभ हुआ, जिससे 93 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

10. माह के दौरान बीएचईएल को लगभग R1600 करोड़ की ऑर्डर बुकिंग प्राप्त हुई जिसमें एनटीपीसी के लिए 3x660 मेगावाट की नार्थ करनपारा परियोजना के लिए फ्लयू गैस डी-सल्फराईजेशन (एफजीडी) पैकेज शामिल है।

11. बीएचईएल ने दिनांक 26.07.2018 को लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (यूपीआरवीयूएनएल) के साथ पंकी, उत्तर प्रदेश में 1x660 मेगावाट के सुपर क्रिटिकल तापीय विद्युत संयंत्र के लिए एक संविदा हेतु हस्ताक्षर किए।

12. बीएचईएल को अफगानिस्तान में 220/20केवी के चरिकर एंड दोशी सब-स्टेशन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए ऊर्जा एवं जल मंत्रालय, अफगानिस्तान इस्लामिक गणराज्य से एक प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ।

13. बीएचईएल को वर्ष 2015-16 के लिए शीर्ष निर्यातक की श्रेणी में इंजीनियरिंग निर्यात उत्कृष्टता के लिए ईईपीसी इंडिया उत्तरी क्षेत्र पुरस्कार मिला।

***

(B) लोक उद्यम विभाग (डीपीई):

1. "सीपीएसईज़ द्वारा महत्वाकांक्षी जिलों के विकास हेतु सीएसआर पर कार्यशाला" पर दिनांक 24 जुलाई, 2018 को नीति आयोग के साथ मिलकर प्रवासी भारतीय केन्द्र, नई दिल्ली में आधे दिन की एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में डीपीई, नीति आयोग, सीपीएसईज़ के कार्यपालकों और अन्य मंत्रालयों/विभागों से 148 अधिकारियों ने भाग लिया।

2. रुग्ण/घाटा उठाने वाले सीपीएसईज़ को बन्द करने की स्थिति की सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा समीक्षा के संबंध में दिनांक 06.06.2018 के मंत्रिमण्डल के निर्णय के अनुपालन में मंत्रिमण्डल को एक समेकित टिप्पणी प्रस्तुत करने हेतु सूचना एकत्र करने के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों को दिनांक 10.07.2018 को एक फॉर्मेट परिचालित किया गया था।

3. सर्च समिति की 05 जुलाई, 2018 और 10 जुलाई, 2018 को बैठकें आयोजित की गई थीं जिसमें सर्च समिति ने विभिन्न सीपीएसईज़ में गैर सरकारी निदेशकों की 61 रिक्तियों को भरने के लिए नामों की सिफारिश की थी।

4. डीपीई ने दिनांक 10.07.2018 को बोधगया में सीपीएसई/प्रशासनिक मंत्रालयों के प्रतिनिधियों के साथ समझौता ज्ञापन दिशानिर्देशों पर एक क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की थी जिसमें 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

5. आई आई एम शिलॉग के सहयोग से 23 से 27 जुलाई, 2018 को "गैर वित्तीय कार्यपालकों के लिए वित्त" पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

6. भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान , नई दिल्ली के सहयोग से ' कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आतंरिक वित्तीय नियंत्रण ' पर 20 जुलाई , 2018 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 58 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

7. इंस्टिटयूट ऑफ कॉस्ट एकाउंट्स ऑफ इण्डिया के सहयोग से ' जीएसटी – मुद्दे और चित्ताएं ' पर 27 जुलाई, 2018 को हैदराबाद में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 38 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

8. चुनिन्दा सीपीएसईज के कैपेक्स की समीक्षा करने के लिए 17 बैठकें आयोजित की गईं और 6 जुलाई , 2018 को एक समेकित सूचना प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की गई।

9. जुलाई, 2018 माह के दौरान तत्कालीन पीएमए के एकमात्र मध्यस्थ के द्वारा निम्निलखित मध्यस्थता निर्णय दिए गए :-

   (i) जबलपुर ( मध्य प्रदेश ) में इपीएफओ के लिए 56 अदद क्वार्टरों का निर्माण करने के संबंध में मैसर्स हिंदुस्तान प्रिफेब लि.(एचपीएल) और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के बीच विवाद।

   (ii) मैसर्स गेल (इण्डिया) लि. और मैसर्स भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के बीच 30,52,311 रु की वापसी / समायोजन के संबंध में विवाद।

10 लोक उद्यम विभाग ने दिनांक 23.07.2018 के का.ज्ञा. द्वारा 2017 वेतनमानों के लिए बोर्ड स्तर के कार्यपालकों के लिए मानक निबंधन और शर्तों के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए।

11 माह के दौरान वेतनमानों के आईडीए पैटर्न के लिए वर्ष 1987 और 1992 .1997,2007 और 2017 के लिए महंगाई भत्ता (01.07.2018 से देय ) के संबंध में आदेश जारी किए।

12. (i) प्रबंध निदेशक , कर्नाटक एंटिबायोटिक्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड और (ii) निदेशक (वित्त), स्टेट ट्रेडिगं कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड के पद को तत्काल आमेलन के नियम से छूट प्रदान की गई।

***